बृहस्पतिवार
10 अगस्त 2023



पृष्ठ 4

**आई फ्लू क्या है? जानिए मानसून में इससे बचाव के तरीके**



पृष्ठ 5

**ड्रीम गर्ल 2 फिल्म 25 अगस्त को सिनेमाघरों में होगी रिलीज**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 184
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

**आज का विचार**

जिस प्रकार रात्रि का अंधकार केवल सूर्य दूर कर सकता है, उसी प्रकार मनुष्य की विपत्ति को केवल ज्ञान दूर कर सकता है।

– नारदभक्ति

# मनी ट्रांसफर कंपनी के कर्मचारियों से साढ़े चौदह लाख रुपए की लूट



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। भारी बारिश के बीच रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में मनी ट्रांसफर कंपनी के दो कर्मचारियों से लाखों रुपये की लूट कर बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनंद-फानन में आसपास के क्षेत्रो में नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया, लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नही लग सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिद्वार के शिवालिक नगर स्थित बृजेश नारायण गोयल का गोयल मनी ट्रांसफर एंड कंपनी के नाम से कार्यालय है। वह करीब आठ प्राइवेट एटीएम में कैश डालने का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि आज सुबह ज्वालापुर तहसील के समीप बंधन बैंक से उनके दो कर्मचारी गौरव मित्तल और राहुल त्यागी लगभग 14 लाख 50 हजार रुपए की रकम से भरा बैग लेकर बाइक से लेकर शिवालिक नगर जा रहे थे। इस दौरान जब वह भेल सेक्टर 2 गुरुद्वारा के समीप पहुंचे तो पीछे से आये बाइक सवार तीन बदमाशों ने आकर बाइक चला रहे कर्मचारी के मुंह पर मुक्का मारा और नोटों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। हालांकि इस दौरान दोनो कर्मचारियों द्वारा बदमाशों के पीछे भगत सिंह चौक तक अपनी बाइक भी दौड़ाई लेकिन बदमाश फरार होने में कामयाब रहे।

दिन दहाड़े लाखों की लूट की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंचे पुलिस के आलाधिकारियों ने घटना की जानकारी लेने के साथ ही सूचना वायरलेस पर फ्लैश कर दी गई। जिसके बाद जिले भर में नाकाबंदी कर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। वहीं कर्मचारियों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पुलिस और सीआईयू की टीमें जांच में जुटी हैं और जल्द ही लुटेरों को पकड़ लिया जाएगा।

# राहुल गांधी पीएम बनने के काबिल नहीं: गौतम

विशेष संवाददाता

देहरादून। यूं तो राहुल गांधी हमेशा ही भाजपा के निशाने पर रहते हैं लेकिन मानहानि केस में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिलने के बाद अब उनका सक्रिय राजनीति में फिर वापसी के बाद तो ऐसा लगता है कि स्मृति ईरानी से लेकर सीएम धामी और भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम से लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट तक किसी को भी वह कतई भी बर्दाश्त नहीं हो रहे हैं।

भाजपा के नेताओं द्वारा उनके बयानों को लेकर जिस तरह की आपत्तियां की जा रही है तथा उन्हें माफी मांगने की बात कही जा रही है उससे यही लगता है कि उन्हें कांग्रेस से नहीं सबसे ज्यादा परेशानी अगर किसी से है तो वह सिर्फ राहुल गांधी से ही है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम का कहना है कि सोनिया गांधी राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनते हुए देखना चाहती हैं एक मां की इच्छा के तौर पर यह बात समझ में आ सकती है क्योंकि हर मां की अपने बेटे के लिए ऐसी इच्छा हो सकती है लेकिन कांग्रेस के नेताओं की क्या मजबूरी है कि वह राहुल गांधी को प्रधानमंत्री देखना चाहते हैं यह बात समझ से परे है। दुष्यंत गौतम का कहना है कि संसद में या संसद के बाहर उनका व्यवहार और भाषा जिस तरह की है क्या किसी नेता की हो सकती है। आंख मारने या फ्लाइंग किस जैसी छिछोरी हरकतें करना बताता है कि वह राहुल गांधी की बचकानी हरकतें हैं। जो किसी भी सूरत में किसी नेता के रूप में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उनका कहना है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने के काबिल नहीं है। लेकिन कांग्रेसी नेताओं की जिद है कि वह उन्हें प्रधानमंत्री बना कर ही रहेंगे।



❑भाजपा नेताओं के निशाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी

राहुल गांधी विपक्ष के एकमात्र ऐसे

◀◀ शेष पृष्ठ 2 पर

# डीआईजी पर लगा महिला से छेड़छाड़ का आरोप, कार्यमुक्त




हमारे संवाददाता

गोवा। गोवा के नाइट क्लब में महिला से छेड़छाड़ मामले में कड़ा रूख अपनाते हुए शासन द्वारा आरोपी डीआईजी को कार्यमुक्त कर दिया गया है। यह मामला बीते रोज एक विधायक द्वारा सदन में उठाये जाने पर सीएम के आश्वासन के बाद यह कार्यवाही की गयी है।

आरोप है कि गोवा में तैनात आईपीएस अधिकारी ए कोआन द्वारा एक नाइट क्लब में महिला से छेड़छाड़ की गयी थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए शासन द्वारा उन्हे उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। साथ ही उन्हे पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को रिपोर्ट करने के आदेश भी दिये गये है। डीजीपी जसपाल सिंह ने बताया कि इस मामले की एक रिपोर्ट पहले ही राज्य सरकार को भेज दी गई है। जिसके बाद बीती शाम सरकार के अवर सचिव (कार्मिक विभाग) नाथिन अराउजो ने आदेश दिया था कि कोआन तत्काल प्रभाव से डीजीपी को रिपोर्ट करें।

# गौरीकुंड हादसे में लापता 20 लोगों में से एक का शव मिला, सर्च अभियान जारी



कार्यालय संवाददाता

रुद्रप्रयाग। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने अवगत कराया कि विगत दिनों गौरीकुंड डाटपुलिया के समीप भारी भू-स्खलन के कारण लापता हुए 20 लोगों का आज सावतें दिन भी लगातार घटना स्थल पर जिलाधिकारी के निर्देशन मे सर्च रेस्क्यू एवं खोजबीन का अभियान जारी है।

सर्च रेस्क्यू एवं खोजबीन अभियान के दौरान आज 20 लोगों में से लापता चल रहे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है जिसका नाम वीर बहादुर है। मृतक की पहचान उसकी जेब में मिले आधार कार्ड के माध्यम से उसकी शिनाख्त की गई है। पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है। रेस्क्यू टीमें डीडीआरएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, वाईएमएफ, पुलिस, प्रशासन की टीम शामिल हैं।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि पुलिस थाना चौकियों एवं फायर सर्विस द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सर्च रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## मणिपुर पर चर्चा निरर्थक

इन दिनों संसद में विपक्ष द्वारा मणिपुर हिंसा को लेकर लाये गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। देश के लोग इस चर्चा को सुनकर यह समझ सकते हैं की अति संवेदनशील मुद्दे पर देश के नेता कितने संजीदा है। ऐसा लगता है कि उन्हें मणिपुर में क्या-क्या हुआ या हो रहा है उसकी कतई भी चिंता नहीं है और उन्हें सिर्फ इस बात की चिंता है कि एक दूसरे की कुर्ता घसीटन कैसे करें और कैसे खुद को अव्वल और सामने वाले को दोयम साबित करना है। सत्ता पक्ष के नेता मणिपुर में हिंसा के कारण और निवारण के प्रयासों पर बात करने की बजाय मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियों का ब्यौरा पेश कर रहे हैं या फिर कांग्रेस के शासनकाल में कब-कब क्या हुआ था उसका इतिहास बता रहे हैं। साढ़े तीन माह से हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर को बचाने के लिए उन्होंने क्या किया और आज इस स्थिति को क्यों नहीं रोका जा सका। इसका कोई जवाब उनके पास नहीं है। गृहमंत्री अमित शाह देश को बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री मणिपुर की घटनाओं को लेकर इतने चिंतित हैं कि उन्हें नींद से जगा कर स्थिति की जानकारी ले रहे हैं उनका कहना है कि मणिपुर की हिंसा परिस्थिति जन्य है हमें इस पर राजनीति करने की बजाय मणिपुर के लोगों से शांति की अपील करनी चाहिए और विपक्ष पूछ रहा है कि जब हालात इतने खराब हो चुके हैं फिर प्रधानमंत्री एक बार भी मणिपुर क्यों नहीं गए क्यों इस बेकाबू स्थिति को ठीक करने के लिए मणिपुर में सेना का सहयोग नहीं लिया गया? क्यों इस हालात के लिए जिम्मेदार मुख्यमंत्री को उनके पद से नहीं हटाया गया। इन सवालों का जवाब देने की बजाय भाजपा के नेता इस मुद्दे पर विपक्ष को घेर रहे हैं कि राहुल गांधी ने संसद में हिंदुस्तान की हत्या की बात क्यों कहीं, क्यों मणिपुर में हिंसा को राहुल गांधी ने भारत माता की हत्या बताया और कांग्रेस तथा विपक्षी दलों के नेताओं ने उनके इस बयान पर मेज थपथपाई गई। भारत माता की हत्या पर मेज थपथपाने वालों ने अपना नाम इंडिया रख लिया है लेकिन वह हिंदुस्तान के नहीं हो सकते। इस चर्चा में मणिपुर हिंसा की बजाए यह बात हो रही है कि अमेरिका में राहुल किसके साथ थे और उन्होंने क्या कहा या और तो और उनके साथ जीजा जी क्या कर रहे थे? चीन को कांग्रेस और राहुल गांधी का समर्थन किस तरह से मिल रहा है या दिया जा रहा है। वाशिंगटन पोस्ट में क्या छपा था और न्यूज क्लिक ने कब क्या किया और किसके किसके संबंध है और उनका क्या क्या अर्थ है न जाने कहां-कहां से गड़े मुर्दे भाजपा के मंत्री और सांसद विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए उछाल रहे हैं। सदन में यह चर्चा मणिपुर हिंसा पर तो हो रही है या फिर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर समझ पाना मुश्किल है। भाजपा महिला सांसदों ने कल लोकसभा अध्यक्ष से राहुल गांधी की अशिष्टता की शिकायत की उन्होंने सदन से जाते समय फ्लाइंग किस किया जो महिलाओं का अपमान है और संसद में की जाने वाली छिछोरी हरकत है, गनीमत है कि उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज नहीं कराया वरना उन्हें एक बार फिर संसद की सदस्यता से हाथ धोना पड़ जाता। अब लोकसभा अध्यक्ष उन्हें इसकी क्या सजा देते हैं समय ही बताएगा। विपक्ष ने पहले ही साफ कर दिया है कि वह हार जीत के लिए नहीं पीएम को सदन में बुलाने और मणिपुर हिंसा पर बयान देने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाए हैं। लेकिन इसकी जो चर्चा हुई है वह न मणिपुर के लिए है न देश का लोकतंत्र के लिए वह सिर्फ सत्ता के लिए है।

## अवैध खनन में दो लोडर सीज

देहरादून (सं)। पुलिस ने अवैध खनन में दो लोडर सीज कर चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी रायवाला के निकट पर्यवेक्षण में रायवाला पुलिस द्वारा रायपुर क्षेत्र में अवैध खनन, ओवरलोड के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। आज सहायक पुलिस अधीक्षक/थानाध्यक्ष रायवाला द्वारा अवैध खनन ओवरलोड के विरुद्ध कार्यवाही हेतु स्वयं के नेतृत्व में टीम गठित कर चेकिंग अभियान चलाया गया। गठित टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर हरिपुर कलां क्षेत्र से 02 लोडर को अवैध खनन में सीज किया गया। लोडर चालको राजाराम पुत्र जगराम निवासी गली नं 5 हरिपुरकलां रायवाला, सचिन तोमर पुत्र अर्जुन सिंह निवासी प्रेम विहार चौक हरिपुरकलां रायवाला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

## राहुल गांधी पीएम बनने के काबिल नहीं..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

नेता हैं जो प्रधानमंत्री मोदी और सत्ता में बैठे किसी भी नेता के खिलाफ निडर होकर कुछ भी बोलने की हिम्मत रखते हैं और यही वजह उनके विरोध की सबसे बड़ी वजह है। दांव खाली चला गया अन्यथा भाजपा के नेता जिन्होंने राहुल को राजनीति का पप्पू बना दिया है उन्हें राजनीति के हाशिए से बाहर धकेल ही चुके थे अब उनकी वापसी पर भाजपा नेताओं की वैसी ही प्रतिक्रियाएं स्वाभाविक है जैसी सामने आ रही है।

*यो अर्यो मर्तभोजनं परादताति दाशुषे।*
*इन्द्रो अस्मभ्यं शिक्षतु वि भजा भूरि ते वसु भय तव राधसः।।*
(ऋ० १.८१.६)

यदि परमेश्वर इस जगत् को रच और धारण कर अपने जीवों को अनेक पदार्थ न देता तो किसी को कुछ भी भोग सामग्री प्राप्त न हो सकती। जो यह परमात्मा वेद द्वारा मनुष्यों को शिक्षा भी न करता तो किसी को विद्या का लेश भी न प्राप्त होता। इसलिए सब संसार के पदार्थ और विद्या, बुद्धि आदि सब गुण प्रभु के ही दिए हुए हैं।

# मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत किया पौधारोपण, वीरागना को किया सम्मानित

संवाददाता

रूद्रप्रयाग। मेरी माटी-मेरा देश, माटी को नमन-वीरों का वंदन अभियान के तहत पौधारोपण कर स्वतंत्रा सेनानी की वीरागनाओं को सम्मानित किया गया।



आज यहां आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मेरी माटी-मेरा देश, माटी को नमन-वीरों का वंदन अभियान के अंतर्गत ग्राम पब्जागपुडा में पौधारोपण एंव स्वतंत्रा सेनानी की वीरागना को सम्मानित किया गया। पब्जागपुडा के प्रधान अरविंद सिंह द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसके साथ ही शहीद स्वतंत्रता सेनानी शिवराज सिंह की वीरागंना सीता देवी को सम्मानित किया गया। नेहरू युवा केन्द्र, रूद्रप्रयाग द्वारा शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान, रतूड़ा में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में पंच प्रण की शपथ ली गई। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम की महत्वता के बारे में बताया गया। एंव साथ ही अपने आस-पास के स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने के लिये प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में रा.इ.का., सिद्धसौड़ में मेरी माटी- मेरा देश, माटी को नमन-वीरों का वंदन के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी बहुगुणा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व सैनिक प्रताप सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सत्य सिंह पंवार एंव दशरथ सिंह कंडारी को सम्मानित किया गया एंव पंच प्रण की शपथ ली गई।

ग्राम पंचायत बरगाली, उषाड़ा, भिंगी में कार्यक्रम आयोजित किए गएए जिसमें ग्रामीणों द्वारा पंच प्रण शपथ एवं राष्ट्रगान का आयोजन किया गया तथा ग्रामीणों द्वारा इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए शपथ भी ली गई। ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत दानकोट के शहीद चित्रा लाल, शहीद भागचंद सिंह रावत, शहीद जय सिंह रावत तथा ग्राम पंचायत जुटाई में निर्माणाधीन अमृत सरोवर में शहीद भगवंत सिंह एवं गजपाल सिंह का नमन एवं वंदन किया गया तथा परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल का आयोजन कर वसुधा वंदन एवं वीरों का वंदन पूर्ण आदर के साथ करते हुए समस्त ग्राम वासियों द्वारा राष्ट्र योगदान के लिए शपथ भी ली गई। इस अवसर पर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए ग्राम वासियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इसके साथ ही कार्यालय परिसर में जिला युवा अधिकारी राहुल डबराल द्वारा सभी स्वंयसेवको के साथ पंच प्रण की शपथ ली गई एंव पूर्व सैनिक दिलबर सिंह खत्री को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लेखाकार एंव कार्यक्रम सहायक कविता जुगरान,, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विजय, राजेन्द्र, मयंक, सुमित एंव तनुज एंव अन्य सभी प्रतिभागी मौजूद रहे। रा.इ.का. फाटा, रा.इ.का. भीरी, रा.इ.का. चन्द्रनगर, रा.इ.का. रतूड़ा में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें पंच प्रण की शपथ ली गई एंव साथ ही विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

# जिला बदर आदेश के उल्लंघन पर लगा गुंडा एक्ट, गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। जिला बदर के आदेश के बाद शहर में घुमने पर पुलिस ने गुण्डा एक्ट की कार्यवाही करते हुए उसको गिरफ्तार कर लिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद में आपराधिक घटनाओ की रोकथाम हेतु पूर्व मे जेल गये अपराधियों के विरुद्ध सत्यापन करने व वर्तमान स्थिति की जानकारी करने हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर द्वारा आवश्यक दिशा निर्देशों के साथ थाना क्षेत्र मे पुलिस टीम गठित कर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त क्रम में धारा चौकी पुलिस को सूचना मिली कि पूर्व में जिला बदर किए गए साहिल सोनकर द्वारा जिला बदर की कार्रवाई का उल्लंघन कर बकरालवाला स्थित अपने घर पर ही रह रहा है जिसको गत दिवसे रात्रि मे पुलिस टीम के द्वारा साहिल सोनकर पुत्र विनोद सोनकर निवासी बकरालवाला थाना कोतवाली नगर जनपद देहरादून को जिला बदर की कार्वाई का उल्लंघन करने पर धारा 3/10 गुंडा अधिनियम में गिरफ्तार किया गया।

# नौकरशाही की मनमानी से नहीं हो पा रहा लागू आधे घंटे के भोजनावकाश का नियम

संवाददाता

देहरादून। नौकरशाहों की मनमानी से कार्यालयों में आधा घंटे के भोजनावकाश का नियम लागू न हीं हो पा रहा है।

उत्तराखंड में नौकरशाही पर मनमानी के आरोप लगातार लगाये जाते हैं इसका एक बड़ा उदाहरण उत्तराखंड के सरकारी कार्यालयों में आधे घंटे के भोजनावकाश के नियम का पालन न होना है। इसके लिये उत्तराखंड सूचना आयोग द्वारा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन की शिकायत पर 2005 में किये गये आदेश पर 04 जनवरी 2006 को शासनादेश भी जारी किया गया जो अभी भी लागू हैं।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने उत्तराखंड शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के लोक सूचना अधिकारी से उत्तराखंड के सरकारी कार्यालयों में वर्तमान में लागू भोजनावकाश के समयों का विवरण की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में सामान्य प्रशासन विभाग के लोक सूचना अधिकारी/अनुभाग अधिकारी हरदयाल बुडाकोटी द्वारा अपने पत्रांक 889 के साथ शासनादेश संख्या 994 04 जनवरी 2006 की सत्यापित फोटो प्रति उपलब्ध करायी गयी है। इस शासनादेश में प्रतिलिपि मुख्य सूचना आयुक्त को उनके पत्र 03 दिसम्बर 2005 के संदर्भ में सूचित भी दर्शायी गयी है।

नदीम को उपलब्ध शासनादेश 994 के अनुसार सरकारी कार्यालयों में मध्याहन भोजन का समय 1 बजे से 2:30 बजे के मध्य केवल आधे घंटे का होगा और इस अवधि में ही प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी मध्याहन भोजन के लिये जायेंगे। वरिष्ठ अधिकारी अपने कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के आधे घंटे के मध्याहन भोजन का समय इस प्रकार निर्धारित करेंगे कि एक बार में लगभग एक तिहाई कर्मचारी ही मध्याहन भोजन पर जायें। जहां पर एक अधिकारी व एक कर्मचारी ही हैं वहां पर वे आपस में मध्याहन भोजन का समय इस प्रकार तय करेंगे कि उसमें से एक कार्यालय में अवश्य उपस्थित रहे। शासनादेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि मध्याहन भोजन की विभिन्न अवधियों में जाने वाले कर्मचारियों की सूची विभाग में टांगी जाये। समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष अपने विभागों एवं कार्यालयों में इस शासनादेश के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिये उत्तरदायी होगा। कुछ समय तक उसका कुछ कार्यालयों में पालन हुआ लेकिन उसके उपरान्त फिर मनमाने ढंग से कर्मचारी, अधिकारियों ने भोजनावकाश के बहाने घंटों कार्यालय से गायब रहना शुरू कर दिया।



# बीजेपी राज में आदिवासियों और दलितों पर अत्याचार बढ़ाः लक्ष्मी

संवाददाता

देहरादून। लक्ष्मी कपरूवान अग्रवाल ने कहा कि आदिवासी वर्ग पर भाजपा सरकार और उनके नेताओं द्वारा अत्याचार बढता ही जा रहा ही वो चाहे गुजरात कि घटना हो या मध्यप्रदेश कि या अन्य प्रदेशों में भी जुल्म किया जा रहा है।

आज यहां पछवादून जिलाध्यक्ष, कांग्रेस लक्ष्मी कपरूवान अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश अध्यक्ष करण महरा के दिशा निर्देश पर अगस्त क्रान्ति दिवस को "आदिवासी गौरव दिवस" के रूप में भव्यता पूर्वक बनाया गया।

लक्ष्मी कपरूवान अग्रवाल ने कहा कि 1942 में आज ही के दिन महात्मा गाँधी द्वारा ब्रिटिश शासन को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए भारत छोड़ो आन्दोलन की शुरूआत की गयी। इस स्मृति दिवस पर आजादी के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले सभी अमर बलिदानियों को नमन कर कार्यक्रम कि शुरुवात कि गयी। लक्ष्मी कपरूवान अग्रवाल ने कहा कि आदिवासी वर्ग पर भाजपा सरकार और उनके नेताओं द्वारा अत्याचार बढता ही जा रहा ही वो चाहे गुजरात कि घटना हो या मध्यप्रदेश कि या अन्य प्रदेशों में भी जुल्म किया जा रहा है।

# आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने अगस्त क्रांति के शहीदों को किया याद

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड संयुक्त परिषद ने अगस्त क्रांति के शहीदों को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

आज यहां उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के तत्वावधान में आज कचहरी परिसर सहित स्मारक में प्रातः 11 बजे अगस्त क्रांति के उन शहीदों को याद किया गया जिन्होंने निस्वार्थ भाव से देश को अंग्रेजों से मुक्ति दिलाने हेतु अपने प्राणों को देश के लिए न्योछावर कर दिया था। स्मरण रहे कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आह्वान किया था कि अंग्रेजों भारत छोड़ो और इसकी शुरुआत 9 अगस्त 1942 को देश को अंग्रेजों के साम्राज्य से मुक्ति मिलनी शुरुआत हो गई थी। आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार और राज्य प्राप्त आंदोलनकारी प्रभात डंडरियाल ने कहा कि हमें उन शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की।

# मारपीट कर दुकानें कब्जाने के मामले में पांच भाईयों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर दुकानें कब्जाने के मामले में पुलिस ने पांच भाईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर निवासी उमरदीन पुत्र स्व. सलीमुद्दीन ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने बडे रामपुर में अय्यूब पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम ढाकी मयचक सहसपुर से 08 मार्च 2021 में जमीन खरीदी थी। उसने अपनी जमीन में दो दुकानें बनवाई थी जिनको वह किराये पर देना चाहता था। उसने अपनी दुकानों में 30 हजार का सामान भी रखा था जिसे वह अपनी दुकानों को पूरा बनाने में लगवाने के लिए लाया था। राशिद पहलवान, जावेद, अबरार, खुरशीद, शाहिद नेक्की, टीपू पुत्र अब्दुल हमीद उर्फ मिदु पहलवान निवासी ग्राम रामपुर कंला उसकी दुकानों में अपना हक जमाने की कोशिश कर रहे है अगर वह अपनी दुकान में जाने की कोशिश करता है तो वह सब भाई उसको मारते पीटते है। जावेद पुत्र अब्दुल हमीद उर्फ मिदु पहलवान ने उससे बिना पूछे ही दुकानों को किराये पर दे दिया है जब वह अपनी दुकानों में गया तो उसको वहा पर किरायेदार मिले जब उसने उनसे पूछा कि तुम लोग कोन हो और उसकी दुकानें में क्या कर रहे हो तो वह उससे बोलने लगे कि यह दुकाने जावेद पुत्र अब्दुल हमीद उर्फ मिदु पहलवान से किराये पर ली है। जून के महीने उसने जावेद से बात करने की कोशिश की और उसको बोला की . यह दुकाने उसकी है जावेद और उसके भाइ रासिद पहलवान , अबरार , खुरशीद, शाहिद नेक्की , टीपू पुत्र श्री अब्दुल हमीद उर्फ मिदु पहलवान ने मिलकर उससे मारपीट कर उसको वहां से भगा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्क्रैब दिलाने के नाम पर ठगे आठ लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। फैक्ट्री से स्क्रैब दिलाने के नाम पर आठ लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चन्दर रोड डालनवाला निवासी सलीम अहमद ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह कबाड़ी का कार्य करता है। उसके पास दिनां 28 जुलाई 2022 को जावेद पुत्र जफ्फर निवासी ग्राम लाम्बाखेड़ा थाना सिवारा, जिला बिजनौर एव मिथुन पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम लाम्बाखेडा, थाना सिवारा जिला बिजनौर आये और उसको कहने लगे कि उनके पास सहगल फैक्ट्री ढालवाला मुनि की रेती में 10-12 ट्रक स्क्रैब है। जिसकी कीमत 8 लाख रूपये है, जो तुम ले लो। वह उसको दिला सकते हैं फैक्ट्री के मालिक से उनकी बातचीत हो रखी है। उसने इन लोगों से स्क्रैब लेने से मना कर दिया तो ये लोग उसके पास कई बार आये और आग्रह करने लगे कि जो स्क्रैब है वह तुम्हे दिलाना चाहते हैं वरना किसी और को मिल जायेगा तो उनका भी नुकसान होगा। इस सम्बन्ध में उसकी चाची मैसर व चाचा दिलशाद पुत्र फिदा हुसैन निवासी नई बस्ती चन्दर रोड डालनवाला, भी आये और कहने लगे जो ये लोग कह रहे हैं कर लो तुम्हें फायदा होगा।

वह इन लोगों की बात में आ गया और उसने 8 लाख रुपये की व्यवस्था की, कुछ पैसे उधार लिये कुछ अपने पिता के खाते से निकलवाये जब जाकर उसने अपनी चाची मैसर व चाचा दिलशाह एंव सलीम व संदीप शर्मा के सामने मिथुन को 8 लाख रूपये नकद अपनी दुकान चूना भट्टा कबाड़ी बाजार, रायपुर में दिये उन्होंने उससे कहा कि 2-3 गाड़ी स्क्रैब के वह उसकी दुकान स्थित चूना भटटा, कबाड़ी बाजार, पर लेकर आ जायेंगे और बाकी का स्क्रैब वह 5-6 दिन बाद ट्रक में लाकर देंगे। उसने इनकी बातों पर विश्वास करके 5-6 दिन इंतजार किया पर इन लोगों द्वारा कोई भी स्क्रैब / कबाड़ का ट्रक उसके पास लेकर नहीं आयं तो उसने इनसे फोन के माध्यम से बातचीत की तो इन लोगों ने कहा कि तुम थोड़े दिन रूको उसके लिए स्क्रैच इक्टठा हो रहा है जैसे ही स्क्रॅब इक्टठा हो जायेगा, वह लेकर उसके पास आ जायेंगे। ये लोग कई बार उसकी दुकान पर आये और हर बार उसको आश्वासन देकर चले गये। जब काफी समय व्यतीत हो गया तो इन लोगों ने उसको डराना धमकाना व गाली गलौच करना प्रारम्भ कर दिया और कहा कि वह उसको कोई स्क्रेब नहीं देंगें और न ही उसके पैसे वापस करेंगें। इन लोगों के साथ उसके चाचा व चाची भी मिले हुए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# देश हमेशा शहीदों का ऋणी रहेगाःडंडरियाल

संवाददाता

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने कहा कि देश हमेशा उन शहीदों का ऋणी रहेगा जिनके कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

आज यहां नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कांवली रोड पर प्रात दस बजे उन अनाम शहीदों को याद किया गया किया गया जिन्होंने अगस्त क्रांति के दौरान शहादत पाई थी। स्मरण है कि 9 अगस्त 1942 को राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी ने नारा दिया था कि अंग्रेजों भारत छोड़ो इस दिन से ही आजादी की लड़ाई शुरू हो गई थी। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने कहा कि देश सदैव उन शहीदों को याद रखेगा उन शहीदों का ऋणी रहेगा जिनके बलिदान के कारण आज हमें स्वतंत्रता मिली और आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों को याद करने वालों में समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी, राम सिंह प्रधान, विपुल नौटियाल, सुशील विरमानी, अरुण खरबंदा आदि मौजूद रहे।

# चरस सहित एक गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। चरस तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने 103 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कोई नशा तस्कर नशीले पदार्थो की डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 103 ग्राम चरस बरामद की। पूछताछ में उसने अपना नाम मुस्तकीम उर्फ गुड्डू पुत्र सम्मी निवासी ग्राम सिकरौडा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# चरस के साथ महिला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चरस के साथ महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने कुरैशी मौहल्ला कुंजा ग्रान्ट में एक महिला को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडी हुई। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 140 ग्राम चरस बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनम पत्नी कादिर निवासी कुंजा ग्रान्ट बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# वीडियो वायरल करने के नाम पर मांगे पांच लाख, जीजा साले पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। युवती की अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रूपये की मांग करने पर पुलिस ने जीजा साले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश निवासी युवती ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह कन्सल्टेन्सी ऑफिस कार्यालय में कार्य करती थी जहां इशान महेन्द्र पुत्र संदीप महेन्द्र निवासी मधुसूदन अपार्टमेन्ट जमशेदपुर (झारखण्ड) व उसका जीजा आते जाते थे। ये लोग लोगों को दुबई आदि अन्य देशों में भेजने का काम करते हैं। इन लोगों का दुबई भेजने के नाम पर ठगी करने का पूरा गैंग है। वह इनके कृत्यों से अन्जान थी ये लोग उससे भी बातचीत करने लगे और इसी बीच इन लोगों ने चुपचाप उसकी फोटो अपने मोबाइल में खींच ली और वीडियो भी बना ली इन लोगों ने उसकी फोटो और वीडियो को एडिट करके अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उसको दिखाई और वायरल करने की धमकी देकर ईशान ने अपने एकाउन्ट बैंक आईडीबीआई में बीस हजार रूपये उससे जमा करा लिये उसके बाद लगातार उसको वीडियो वायरल करने धमकी देकर पैसे वसूलते आ रहे है। 12 जुलाई 2023 को भी इशान ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकरें पांच हजार रूपये जमा करा लिये। अब ईशान, उसका जीजा और इनका पूरा गैंग उससे पांच लाख रूपयों की फिरोती की मांग कर रहे है ना दिये जाने पर उसकी अश्लील वीडियो व फोटे वायरल करने की धमकी दे रहे है पुलिस में शिकायत किये जाने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# यह तो बेरहमी है

महंगाई के इस दौर में जब आम परिवारों की वास्तविक पहले से घट रही है, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को इस टैक्स का बोझ भी उठाना होगा। इसलिए सरकार को हॉस्टल/पीजी कमरों पर लगे टैक्स से जुड़े तमाम पहलुओं पर तुरंत पुर्विचार करना चाहिए।

जिस देश में उच्चतर शिक्षा पहले से समस्याग्रस्त स्थिति में हो, वहां आम छात्रों के लिए उसे महंगा बनाना किस रूप में तार्किक नीति हो सकती है, इसे समझना कठिन है। हाल में कई विश्वविद्यालयों में फीस में हुई भारी बढ़ोतरी के बाद अब खबर है कि हॉस्टलों और पीजी कमरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी भी लगा दिया गया है।




महंगाई के इस दौर में जब आम परिवारों की वास्तविक पहले से घट रही है, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को इस टैक्स का बोझ भी उठाना होगा। इसलिए सरकार को इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर तुरंत विचार करना चाहिए। वरना, यह कर लगाना एक तरह की बेरहमी समझा जाएगा। सरकार कह सकती है कि यह निर्णय जीएसटी काउंसिल के अथॉरिटी ऑफ एडवांस्ड रूलिंग (एएआर) ने दिया है। उसकी दो अलग-अलग बेंचों ने इस मामले में एक जैसे फैसले दिए हैं। इसके तहत नया टैक्स प्रभावी हुआ है। तो अब किसी हॉस्टल या पीजी (पेइंग गेस्ट) कमरे का किराया अगर 1० हजार रुपये था, तो अब यह 11,2०० रुपये हो जाएगा। जिन दो मामलों में ये फैसले आए, उनमें एक बेंगलुरु बेंच का है।

एक याचिका में बेंच से महिलाओं के लिए हॉस्टल और पीजी सेवायें चलाने वाली एक कंपनी ने अपील की थी कि निजी हॉस्टलों को आवासीय परिसरों की ही श्रेणी में डाला जाए और उन पर जीएसटी ना लगाया जाए। आवासीय परिसर को किराए पर देने पर उन पर जीएसटी नहीं लगता है। बेंगलुरु एएआर ने अपने फैसले में कहा कि हॉस्टल और पीजी कमरों को आवासीय परिसर नहीं माना जा सकता, क्योंकि वहां अपरिचित लोग एक साथ रहते हैं और हर महीने प्रति बिस्तर के आधार पर बिल बनाए जाते हैं। इसी तरह हॉस्टल चलाने वाली नोएडा स्थित एक कंपनी ने लखनऊ एएआर से कहा था कि वो आवासीय सेवाएं देती है, इसलिए उससे जीएसटी नहीं वसूला जाए। लेकिन इस मामले में भी एएआर इस तर्क को स्वीकार नहीं किया। लेकिन इन फैसलों का सीधा असर हॉस्टलों और पीजी कमरों में रहने वाले छात्रों पर पड़ेगा। क्या इसे शिक्षा को हतोत्साहित करने वाला निर्णय नहीं माना जाना चाहिए?(आरएनएस)

# आरक्षण के भीतर आरक्षण होगा क्या?

जस्टिस जी रोहिणी के अध्यक्षता में बने आयोग ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। इस आयोग का गठन 2017 में हुआ था और तीन महीने में इसे अपनी रिपोर्ट देनी थी। लेकिन पिछले छह साल में आयोग को 14 विस्तार मिला और अब जाकर इसने अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपी है। इस आयोग को यह पता लगाना था कि आरक्षण का लाभ क्या समान रूप से सभी जातियों को मिल रहा है? जस्टिस रोहिणी आयोग ने अपनी शुरुआती फाइंडिंग में बता दिया था कि कुछ जातियां हैं, जो आरक्षण का ज्यादा लाभ ले रही हैं, जबकि ज्यादातर कमजोर जातियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

बताया जा रहा है कि आयोग का गठन करने के बाद सरकार इस मामले में सुस्त पड़ गई क्योंकि उसको लगने लगा कि इसकी फाइंडिंग के आधार पर आरक्षण में कोई भी बदलाव किया गया तो उसका राजनीतिक नुकसान हो सकता है। असल में पिछड़ी जातियों में भी जो आर्थिक व शैक्षणिक रूप से मजबूत जातियां हैं उनको आरक्षण का ज्यादा लाभ मिला है। बहुत सी अति पिछड़ी जातियां ऐसी हैं, जिनको आज तक आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिल पाया है। सो, कायदे से सभी पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ पहुंचाने के लिए आरक्षण के भीतर आरक्षण का प्रावधान करना होगा। जिन जातियों को ज्यादा लाभ मिला है उनकी बजाय अब कम लाभ हासिल करने वाली जातियों को महत्व देना होगा। लेकिन क्या सरकार ऐसा कर पाएगी? इसकी संभावना कम है क्योंकि कोई भी पार्टी नहीं चाहेगी कि मजबूत पिछड़ी जातियां नाराज हों। सो, आने वाले दिनों में बीच का कोई रास्ता निकालने का प्रयास होगा। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# आई फ्लू क्या है? जानिए मानसून में इससे बचाव के तरीके





देश में मानसून में आई फ्लू यानी कंजंक्टिवाइटिस के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। इसे गुलाबी आंख या लाल आंख के रूप में भी जाना जाता हैऐसे में आंख से जुड़ी इस समस्या से बचाव के लिए लोगों को लगातार सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है।आइये आज हेल्थ टिप्स में हम आपको 5 ऐसे तरीके बताते हैं, जिनकी मदद से आई फ्लू के संक्रमण से बचा जा सकता है।

बारिश के मौसम में अधिक होती है यह समस्या

आई फ्लू आंखों का संक्रमण है, जिसके कारण आंखों में लालिमा, दर्द और सूजन जैसी परेशानियां होती हैं। यह समस्या बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा फैलती है और यह आमतौर पर गंदगी, धूल-मिट्टी आदि की वजह से होने वाली एलर्जी के कारण होती है।

व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखें

आई फ्लू से बचाव के सबसे प्रभावी तरीकों में से एक व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना हैइसके लिए नियमित रूप से अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छे से धोएं, खासकर सार्वजनिक वस्तुओं को छूने के बाद, भोजन के समय और शौचालय के इस्तेमाल के बाद।अपने पास हैंड सैनिटाइजर हमेशा साथ में रखें और दूषित सतहों या रेलिंग वगैरह को छूने के तुरंत बाद इसका इस्तेमाल करें।ऐसा करने से आप इसके संक्रमण से बच सकते हैं।

आस-पास साफ-सफाई रखना है जरूरी

किसी भी तरह के संक्रमण से सुरक्षित रहने के लिए साफ-सफाई के टिप्स अपनाना बहुत जरूरी है।अगर आपके आस-पास गंदगी और धूल रहेगी तो इससे आंखों की जलन बढ़ सकती है और आई फ्लू होने की आशंका भी बढ़ जाती हैइससे बचाव के लिए खासतौर पर बारिश के मौसम में नियमित रूप से अपने आस-पास की सतहों और चीजों को एंटी-बैक्टीरियल सॉल्यूशन से अच्छे से साफ करें।

व्यक्तिगत वस्तुओं को साझा करने से बचें

आई फ्लू दूषित व्यक्तिगत वस्तुओं जैसे तौलिया, रूमाल, आंखों के मेकअप और कॉन्टैक्ट लेंस से आसानी से फैल सकता है।मानसून के मौसम में इन वस्तुओं को दूसरों के साथ साझा करने से बचें। कोशिश करें कि आप इन वस्तुओं को अपने परिवार के सदस्यों के साथ भी साझा न करें क्योंकि इससे आई फ्लू का संक्रमण फैल सकता हैइसके अलावा अगर कोई सदस्य बीमार हो गया है तो उसका सामान अलग कर दें और उससे दूरी बनाकर रखें।



सेफ्टी चश्मे का इस्तेमाल करें

मानसून के दौरान भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए, लेकिन किसी कारणवश अगर आपको बाहर जाना पड़ रहा है तो इस दौरान आंखों की सुरक्षा के लिए सेफ्टी चश्मे का इस्तेमाल करेंइसके लिए आप बाहर निकलने से पहले काला चश्मा, सनग्लास या अन्य सेफ्टी चश्मा पहनेंइसकी मदद से आपकी आंखें वायुजनित कणों, धूल-मिट्टी और बैक्टीरिया से बची रहेंगी, जिससे संक्रमण होने का खतरा कम हो जाएगा।

आंखों को छूने या रगड़ने से बचें

ज्यादातर लोग आंखों में चुभन होने, जलन होने या धूल चले जाने पर तुरंत आंख रगड़ने लगते हैं। ऐसा करने से आंखों को नुकसान होता है और इससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।अगर आपको अपना चेहरे धोना है या आंखें साफ करनी है तो हमेशा साफ और फिल्टर्ड पानी का इस्तेमाल करें। साथ ही आंखों को छूने से पहले सुनिश्चित करें कि आपके हाथ अच्छे से साफ हो। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -005


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 04 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

# पीली साड़ी पहन श्वेता तिवारी ने इंटरनेट का पारा किया गर्म



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी बोल्ड और खूबसूरत फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का लेटेस्ट साड़ी में फोटोशूट तेजी से वायरल हो रहा है। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस भरी अदाएं देखकर हर कोई दीवाना हो गया है। टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बेबाक अभिनय से लोगों के दिल में अपनी खास पहचान बनाई है।

श्वेता तिवारी जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने पीली रंग की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का इन तस्वीरों में कातिलाना अंदाज फैंस के दिलों पर खंजर चलाने का काम कर रहा है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने पूल के अंदर खड़े होकर किलर अदाओं में एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज देते हुए फोटोशूट करवाया है। श्वेता तिवारी अपनी इन तस्वीरों में जमकर पतली कमर को फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

42 साल की उम्र एक्ट्रेस की स्लिम फिगर देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट करते हैं।

# विश्वकसेन की गैंग्स ऑफ गोदावरी की पहली झलक आई सामने

विश्वकसेन की बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर गैंग्स ऑफ गोदावरी ने अपने मनोरंजक शीर्षक घोषणा टीज़र का खुलासा कर दिया है, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया है। कृष्णा चैतन्य के निर्देशन में, फिल्म में नेहा शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अंजलि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

टीज़र में, विश्वकसेन ने पहले कभी न देखे गए कच्चे और देहाती अवतार को कुशलतापूर्वक अपनी बोली को बदलते हुए दिखाया है, जो साज़िश को बढ़ाता है। युवान शंकर राजा का विद्युतीकरण स्कोर टीज़र की तीव्रता को बढ़ाता है।

राजनीति के स्पर्श के साथ एक्शन से भरपूर फिल्म होने का वादा करते हुए, गैंग्स ऑफ गोदावरी में नासर, साई कुमार, गोपराजू रमना और अन्य कलाकारों की टोली शामिल है। सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमा द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिससे प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ जाएगा। इस रोमांचक परियोजना पर आगे के अपडेट के लिए हमारे साथ बने रहें।

# वरुण तेज अभिनीत गांडीवधारी अर्जुन का टीजर रिलीज़

वरुण तेज अभिनीत गांडीवधारी अर्जुन का पहला आधिकारिक टीजर् आउट हो गया है और यह शानदार एक्शन से भरपूर है। एसवीसीसी के आधिकारिक हैंडल ने टीजर् को सोशल मीडिया पर साझा किया।

यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है जो एक विशेष एजेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक वायरल-आतंकी-हमले से बचने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसका मिशन तब व्यक्तिगत हो जाता है जब उसके प्रियजन खतरे में पड़ जाते हैं। बंदूकें, विस्फोट, कार का पीछा और अंतरराष्ट्रीय अपराध सिंडिकेट, टीजर् में सब कुछ है।

फिल्म में साक्षी वैद्य, नासर, विमला रमन, विनय राय, नारायण, रोशिनी प्रकाश, मनीष चौधरी, अभिनव गोमतम, रवि वर्मा, कल्पलता और बेबी वेदा भी हैं। प्रवीण सत्तारू द्वारा निर्देशित, गांडीवधारी अर्जुन 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। गांडीवधारी अर्जुन के अलावा, वरुण तेज वीटी 13 नामक एक और मनोरंजक हवाई एक्शन थ्रिलर फिल्म में भी दिखाई देंगे, जहां वह अभिनेता मानुषी छिल्लर के साथ अभिनय करेंगे, जो तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत कर रही हैं। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है।

# ड्रीम गर्ल 2 फिल्म 25 अगस्त को सिनेमाघरों में होगी रिलीज



इस साल कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनका इंतजार दर्शक बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 इसी फेहरिस्त में शुमार है।ड्रीम गर्ल ने दर्शकों को खूब लोटपोट किया था। इस वजह से भी इसके सीक्वल को लेकर दर्शक उत्साहित हैं। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों के बीच आ गया है।

पल्लू लहराते हुए पूजा के गेटअप में आयुष्मान की नजाकतें और अदाएं देखते ही बनती हैं। दूसरी तरफ अनन्या पांडे के साथ उनकी केमिस्ट्री भी अच्छी लग रही है। आयुष्मान के हाव-भाव, आवाज और कॉमिडी कमाल की है। लड़की की आवाज में वह एक बार फिर सबको अपना दीवाना बना रहे हैं।ट्रेलर देख इतना तो साफ है कि फिल्म मजेदार होने वाली है। हंसी, रोमांस और एक रोमांचक कहानी का बढ़िया मेल इसमें देखने को मिल रहा है।

पहले फिल्म 29 जून, 2023 को रिलीज होने वाली थी। फिर खबर आई कि यह 7 जुलाई को रिलीज होगी। इसके बाद 25 जुलाई की तारीख सामने आई। अब ड्रीम गर्ल 2 25 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।एकता कपूर इस फिल्म की निर्माता हैं, वहीं इसके निर्देशन की कमान राज शांडिल्य ने संभाली है। फिल्म में आयुष्मान के साथ अनन्या मुख्य भूमिका निभा रही हैं। दोनों की साथ में यह पहली फिल्म है।

ड्रीम गर्ल आयुष्मान के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक है। 2019 में आई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था।यह फिल्म दर्शकों के साथ समीक्षकों को भी खूब पसंद आई थी। 28 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था। फिल्म में आयुष्मान के साथ अभिनेत्री नुसरत भरूचा नजर आई थीं।इस बार नुसरत की जगह अनन्या ने ली है।

# बिखरी जुलफों में करिश्मा तन्ना ने कराया ग्लैमरस फोटोशूट



वेब सीरीज स्कूप में अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी हॉट और ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। हालिया फोटोशूट में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद सेक्सी अवतार में तस्वीरें शेयर की हैं।

इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस और फिटनेस देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं। करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी खूबसूरती को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस के बीच काफी लाइमलाइट बटोरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट में हुस्न की बेबाक अदाएं दिखाते हुए फैंस को अपनी ओर रिझा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी परफेक्ट टोंड बॉडी देखते हुए फैंस का दिल मचलने लगा है। हालांकि लोग उनकी तस्वीरों को देखकर एक बार फिर से उनकी फिटनेस पर अपना दिल हार गए हैं।

करिश्मा तन्ना ने इस फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर की स्पैगडी और डेनिम जींस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए बिखरी जुल्फों को लहराती हुई एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दे रही हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया लवर हैं। और जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

# बारबाड एक सुंदर और विचारोत्तेजक गाना हैः संदीपा धर

कागज, हीरोपंती जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं और दबंग 2 में कैमियो के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री संदीपा धर, जिन्होंने अब ट्रैक बारबाड के लिए अभिषेक बजाज के साथ मिलकर काम किया है, ने कहा कि यह गाना परिवर्तनकारी शक्ति की खोज करता है। अप्रत्याशित स्थानों में सच्चा प्यार पाना।

यह ट्रैक बेवफाई के जाल में फंसे दो व्यक्तियों और सच्चा प्यार पाने की खट्टी-मीठी कहानी बताता है। जैसे-जैसे उत्तेजक धुनें सामने आती हैं, यह गीत विश्वासघात और दिल के दर्द की कच्ची भावनाओं को उजागर करता है, जो धीरे-धीरे दोनों को प्यार मिलने के साथ समाप्त होता है। उत्तेजक गीतों और मंत्रमुग्ध कर देने वाली धुनों के साथ, बारबाड श्रोताओं को शुद्ध भावनाओं की दुनिया में ले जाने का वादा करता है।

गाने के बारे में बात करते हुए, संदीप ने कहा, बारबाड एक सुंदर और विचारोत्तेजक गाना है, जिसने मेरे दिल में जगह बना ली है। यह रिश्तों की जटिलताओं, बेवफाई और अप्रत्याशित स्थानों में सच्चा प्यार पाने की परिवर्तनकारी शक्ति का पता लगाता है।

उन्होंने आगे कहा कि यह गाना कुछ ही सेकंड में आपके लिए खुशी और गम सब लेकर आएगा और आपको भावनाओं की यात्रा पर ले जाएगा।

ट्रैक के साथ एक आकर्षक संगीत वीडियो भी है जो गाने के भावनात्मक प्रभाव को बढ़ाता है। वीडियो गीत के गहन संदेश को रेखांकित करते हुए प्यार, दिल टूटने और मुक्ति की पेचीदगियों को दर्शाता है। साक्षी होल्कर द्वारा गाए गए इस गाने के बोल कान्हा कंबोज ने लिखे हैं और संगीत मंदीप पंघाल ने दिया है।

अभिषेक ने साझा किया- इस संगीत वीडियो का सबसे अच्छा हिस्सा इसकी कहानी है। यह एक सुंदर संदेश देता है कि यदि आप गलत व्यक्ति के साथ हैं तो आपको आगे बढ़ जाना चाहिए और उस व्यक्ति के साथ रहना चाहिए जो आपसे वैसे ही प्यार करता है जैसे आप हैं। सच्चे प्यार की परिभाषा इस दुनिया में खोया हुआ बारबाड प्यार को फिर से जगाने का हमारा ईमानदार प्रयास है।

साक्षी होल्कर को वरुण धवन अभिनीत फिल्म भेड़िया के गाने अपना बना ले, आयुष्मान खुराना की फिल्म डॉक्टर जी के दिल धक धक करता है, कैटरीना कैफ की फिल्म फोन भूत के काली तेरी गुट जैसे कई गानों के लिए जाना जाता है।

बारबाड विश्वासघात और दिल टूटने का गीत है। विश्वासघात एक सावधान करने वाली कहानी है जो हमें याद दिलाती है कि हम किस पर भरोसा करते हैं, कितनी जल्दी भरोसा करते हैं और कितना प्रकट करते हैं, इसके बारे में चयनात्मक होना चाहिए। किसी पर भी भरोसा करते हुए घूमना बुद्धिमानी नहीं है। साक्षी ने कहा गीतकार कान्हा कंबोज ने कहा- गाने के बोल बहुत प्रभावशाली हैं, खासकर तब जब आपने खुद को किसी भावनात्मक धोखे का सामना करना पड़ा हो। यह उस निराशा को प्रकट करता है जो व्यक्ति महसूस करता है जब वह अपने महत्वपूर्ण दूसरे को किसी तरह से धोखा देते हुए देखता है।

अमित मजीठिया द्वारा निर्मित और ओकासिंज360- मनीष शर्मा द्वारा प्रोजेक्ट, यह गीत बीसीसी म्यूजिक फैक्ट्री और अमित मजीठिया द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इस बीच, संगीता को आखिरी बार वेब शो डॉ अरोड़ा- गुप्त रोग विशेषज्ञ में देखा गया था।

# नेतन्याहू से बरबादी की ओर इजराइल!

श्रुति व्यास

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जीत गए हैं। पर यह एक ऐसी जीत है जो उन्हें सत्ता के नज़दीक तो बनाए रखेगी लेकिन उन्हें बाकी सब से - जनता से, समर्थकों से, साथियों से - दूर कर देगी।

चौबीस जुलाई को इजराइल की संसद नेसेट ने देश के सुप्रीम कोर्ट की ताकत को कम करने वाले कानूनों की सीरीज का पहला कानून पास किया। इस दौरान संसद के बाहर लोग विरोध प्रदर्शन करते रहे। संसद में विपक्षी सदस्य चिल्ला-चिल्लाकर अपशब्द बोलते रहे।फिर वोटिंग के समय वाकआउट किया। इस सबके बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, जिनका दिल मशीन की मदद से धड़क रहा है, शांत बैठे रहे। उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी चीख-चीखकर अपनी बात कहते रहे मानो वे अपने बॉस की मौजूदगी से बेखबर हों।

'तर्कसंगतता' के आधार पर सरकारी फैसलों को रद्द करने के अदालत के अधिकार को समाप्त करने वाला यह कानून 64-० के बहुमत से निर्विरोध पारित हो गया।

इजराइल में पिछले सात माह से अनिश्चितता का माहौल था। नेतन्याहू ने उम्मीद जगाई थी कि वे सबकी सहमति से संवैधानिक सुधार लाने का प्रयास करेंगे। लेकिन उम्मीदों पर पानी फिर गया। जनभावनाओं के लिए सम्मान पर सत्ता की भूख भारी पड़ी।

सोमवार की रात येरूशलम में संसद भवन के चारों ओर की सड़कों पर करीब २०,००० प्रदर्शनकारियों की भीड़ जमा थी जो नीले और सफेद झंडे लहरा रही थी। जैसे ही मतदान के नतीजे की खबर फैली, प्रदर्शनकारियों ने चीखना-चिल्लाना और ''हम कभी हार नहीं मानेंगे के नारे लगाना शुरू कर दिया। दीवारों और चाहरदीवारों पर स्टिकर लगे थे जिन पर लिखा था हम तानाशाह का हुक्म नहीं मानेंगे लोकतंत्र या बगावत और इजराइल को नेतन्याहू से बचाओ।इजरायली लेखक और मानवता के इतिहास में दिलचस्पी रखने वाले युवाल नोआ हरारी का विचार है कि इसका नतीजा भयावह और घातक होगा। वे कहते हैं, मुमकिन है हम इजराइल में यहूदी श्रेष्ठतावादी तानाशाही देखें, जो न सिर्फ इजराइल के नागरिकों के लिए एक खौफनाक स्थिति होगी बल्कि फिलिस्तीनियों, यहूदी परंपराओं और संभवत: संपूर्ण मध्यपूर्व के लिए भी भयावह होगा।

लेकिन इस सबसे बेफिक्र प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मतदान के कुछ घंटे बाद प्राईम टाईम पर टेलिविजन पर भाषण देते हुए सभी आशंकाओं को बेबुनियाद बताते हुए कहा, ''इजराइल में सभी के वैयक्तिक अधिकारों की रक्षा पहले की तरह होती रहेगी। इजराइल धर्म आधारित राष्ट्र नहीं बनेगा। स्वतंत्र न्यायपालिका कायम रहेगी।लेकिन, समाज के एक तबके का मानना है कि नेतन्याहू के नेतृत्व वाले कट्टर धार्मिक एवं अति राष्ट्रवादी गठबंधन के राज में देश धार्मिक निरंकुश शासन की ओर बढ़ेगा।

देश की स्थिरता को लेकर भी अब चिंता है। इजरायली सेना के हजारों रिजर्व अधिकारियों ने घोषणा की है कि वे ऐच्छिक सेवा के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। इसके अलावा सामाजिक उथल-पुथल भी हो रही है। डॉक्टर हड़ताल पर चले गए हैं। मजदूर नेताओं ने आम हड़ताल की धमकी दी है। मॉल और दुकानें चलाने वाले एकजुटता दिखाने के लिए अपने प्रतिष्ठानों पर ताला डाले हुए हैं। पहले से ही कई कारोबारी अपना व्यवसाय इजराइल के बाहर ले जा चुके हैं या उसे बंद कर चुके हैं। और जैसे-जैसे अराजकता के हालात गंभीर होते जाएंगे, उथलपुथल बढ़ेगी और सड़कों पर असहमति दिखाते लोगों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती जाएगी। टकराव, गिरफ्तारियों, हिंसा, शोरशराबा सब बढ़ेगा।

इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय संबंध भी बिगड़ेंगे। इजराइल के सबसे नजदीकी सहयोगी अमेरिका ने संसद के निर्णय को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया है। इससे राष्ट्रपति बाइडन के नेतन्याहू को अमेरिका आने के निमंत्रण को लेकर आशंका उत्पन्न हो गई है। अमेरिका में यहूदी समूहों ने भी इस मतदान की आलोचना की है। इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए चेतावनी दी है कि इससे इजराइल और अमरीकी यहूदियों के संबंधों पर बुरा असर पड़ सकता है। फिलिस्तीनी इस बात से चिंतित हैं कि वेस्ट बैंक में इजरायली बस्तियों का इलाका आक्रामक ढंग से बढ़ाया जाएगा, जिसकी कई मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने खिलाफत की थी। इसके अलावा इजराइल में रह रहे अल्पसंख्यक अरबों में भी भय बढ़ रहा हैं।

संदेह नहीं है कि नेतन्याहू ने देश के भीतर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इजराइल की बेहतरी और उसकी छवि सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। वे स्वयं को हर राजनीतिक घटनाक्रम के केन्द्र में रखने में सफल रहे हैं, कई बार जिसका सन्देश यह था कि इजराइल और तबाही के बीच वे अकेले खड़े हैं। लेकिन कल के घटनाक्रम से वे इजराइल को तबाही के कगार पर ले आए हैं। बिगड़ती सेहत से जूझ रहे 73 वर्षीय नेतन्याहू नेसेट आने के पहले पेसमेकर लगवाने के लिए अस्पताल में थे।

वे अपने गठबंधन सहयोगियों को मतदान टालने के लिए राजी नहीं कर सके। इससे यह संकेत मिलता है कि उनका प्रभाव कम हो चला है और वे अपनी राजनीतिक विश्वसनीयता खो चुके हैं। कहना मुश्किल है कि वे गठबंधन के सबसे घोर राष्ट्रवादी और धार्मिक कट्टरपंथी दलों को न्यायिक सुधारों के ज़रिये और अन्य तरीकों से उनका राजनैतिक एजेंडा आगे बढ़ाने से रोक सकेंगे। आखिर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले भी चल रहे हैं।

इजराइल में इस साल ठंड तीखी थी और वसंत, नीरस। प्रदर्शकारी अपनी बात पर जमे हुए हैं। नेतन्याहू के गठबंधन साथी भी दृढ़ हैं। ऐसे में दोनों के बीच जबरदस्त टकराव तय है जो इजराइल में गर्मी के मौसम को और ज्यादा गर्म और तूफानी बनाएगा। जहां तक प्रधानमंत्री नेतन्याहू का प्रश्न है, वे अभी अपनी सत्ता कायम रखने में भले ही कामयाब रहे हों उन्हें आज के बाद से इजराइल में तबाही लाने के लिए याद किया जाएगा। देश के इतिहास में एक ऐसा नया दौर प्रारंभ हो गया है, जो खूनखराबे से भरा और त्रासद हो सकता है।

## कई समस्याओं का कारण बन सकता है ठंडा पानी

क्या आपको मालूम है ध्कि ठंडा पानी कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। बर्फ वाले पानी या फ्रि आइस क्रीम के ज्यादा सेवन से आपको श्ब्रेन फ्रीजश् की समस्या हो सकती है। दरअसल, ज्यादा ठंडा पानी स्पाइन की सेंसेटिव नसों को ठंडा कर कर देता है, जिससे यह दिमाग पर असर डालती हैं। इस कारण सिर में दर्द होने लगता है। आपको सुनकर थोड़ा अटपटा जरूर लगेगा लेकिन यह सच है। ठंडा पानी आपके पेट को नुकसान पहुंचा सकता है। ज्यादा समय तक ठंडा पानी पीने से खाना पचाने में दिक्कत, पेट में दर्द और जी मचलने जैसी समस्याएं हो सकती है। ठंडे पानी का बाहर के तापमान से अलग होने के कारण यह शरीर में पहुंच कर पेट में मौजूद खाने को पचाने में दिक्कत पैदा कर सकता है। इसी कारण पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। जब भी आप ज्यादा ठंडा पानी पीते हैं, तो वेगस नाम की नर्व ठंडी होकर हार्ट रेट को धीमा करती है। हमारे शरीर में वेगस नाम की नर्व होती है। यह हमारे शरीर की सबसे लंबी कार्निवल नर्व होती है, जो कि गर्दन से होते हुए हार्ट, लंग्स और डाइजेस्टिव सिस्टम को कंट्रोल करती है। ज्यादा ठंडा पानी से यह नर्व भी ठंडी हो जाती है और जब तक यह पानी आपके शरीर के अनुकूल नहीं हो जाता आपकी हार्ट रेट भी धीमी रहती है। ज्यादा ठंडा पानी खाना पचाने में दिक्कत पैदा कर सकता है। इसके उलट रूम टेम्परेचर के लिहाज से पानी पीने से कब्ज की परेशानी बहुत कम होती हैकि ठंडे पानी की वजह से सॉलिड फूड डाइजेस्ट होने में वक्त लेता है और कब्ज की परेशानी पैदा होती है। ठंडा पानी आपको और मोटा बना सकता है।

## सू- दोकू क्र.005

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.04 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# पृथ्वी की गर्मी पर दो खलनायकों की गरमागरमी

श्रुति

क्लाइमेट चेंज से जुड़े मसलों में राष्ट्रपति बाइडन के खास कूटनीतिज्ञ जान कैरी इस समय भारत में हैं। भारत आने से ठीक पहले वे चीन में थे। चीनियों से उनकी चर्चा काफी हद तक असफल रही। सच तो यह है कि शी जिनपिंग और उनके मातहतों ने कैरी से दो टूक कह दिया चीनी अपने हिसाब से, अपनी स्पीड से कार्बन डाइऑक्साइड प्रदूषण से निज़ात पाने का काम करेंगे।जाहिर है चीनियों को बीजिंग में बढ़ते तापमान और हीट वेव की फ़िक्र नहीं है, भले जीना दूभर हो। धरती के हालात उनकी प्राथमिकता नहीं हैं। उनकी प्राथमिकता ताकत दिखाना है। दुनिया को यह मानने के लिए मजबूर करना है कि चीन एक बहुत बड़ा और एक बहुत ताकतवर देश है।वह अपने हिसाब से काम करेगा।

दरअसल विकासशील देशों की तरह बीजिंग भी चाहता है कि पहले अमरीका यह माने कि अतीत में उसके द्वारा किया गया प्रदूषण ही क्लाइमेट चेंज के लिए ज़िम्मेदार है।

अमेरिका और चीन के संबंध ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से खराब होने शुरू हुए। ट्रंप ने चीन पर जलवायु को तबाह करने का आरोप लगाया। संबंधों में और कड़वाहट तब घुली जब ट्रंप ने कोविड वायरस को चीनी वायरस कहना शुरू किया। चीन से ट्रेड वॉर में ट्रंप ने चीन के क्लीन एनर्जी उत्पादों पर भारी कस्टम ड्यूटी लाद दी। बाईडन के आने के बाद भी दोनों देशों के रिश्तों में खास बदलाव नहीं आया है। नैंसी पैलोसी की ताईवान यात्रा, चीनी जासूसी गुब्बारों के अमेरिकी आकाश में तैरता पाए जाने, और चीन द्वारा अमरीका को टेक्नोलॉजी निर्यात में बाधाएं खड़ी करने के बाद से दोनों देशों के बीच कटुता बहुत बढ़ गई है।

तभी संबंधों में तनाव की गर्मी में ठंडे दिमाग से बातचीत भला कैसे हो सकती है! दोनों देश सांड़ों की तरह एक दूसरे से उलझे हैं। एक-दूसरे के साथ-साथ सारी दुनिया को चोट पहुंचा रहे हैं।तभी आशा नहीं थी कि जलवायु संबंधी चर्चा के दौरान दोनों देश अपने मतभेदों और नफरत को ताक पर रखकर पृथ्वी की फिक्र करेंगे। चीन का मानना है कि अमेरिका उस पर अपनी शर्तें लाद रहा है और क्या किया जाए, कैसे किया जाए इस बारे में उसे हुक्म के लहजे में बता रहा है। चीन द्वारा आधिकारिक रूप से जारी बातचीत के सकारात्मक विवरण में बताया गया कि वांग यी, जो विदेशी मामलों से संबंधित आला हुक्काम हैं और शी जिनपिंग के सलाहकार हैं, ने जॉन कैरी से कहा कि जलवायु संबंधी मामलों में अमेरिका के साथ सहयोग दोनों देशों के संबंधों के व्यापक कैनवास से अलग नहीं हो सकता।

हालांकि जॉन कैरी चीन से रवाना होते समय 'आशान्वित' थे। कैरी ने कहा, ''हमने खुलकर बातचीत की है पर हम यहां एक नयी शुरुआत करने आये थे।आगे बोलते हुए उन्होंने कहा, यह साफ़ है कि हमें अभी थोडा और काम करने की जरूरत है।

कहना गलत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग कितनी होगी यह चीन और अमेरिका द्वारा लिए जाने वाले फैसलों पर निर्भर करेगा। चीन अब दुनिया के लगभग एक-तिहाई प्रदूषणकारी एमिशन के लिए जिम्मेदार है, जो सभी विकासशील देशोंद्वारा किए जा रहे कुल प्रदूषण से ज्यादा है। गर्म होती दुनिया के सबसे खराब नतीजों से बचने के लिए यह जरूरी है कि अमेरिका, जो मानव इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा प्रदूषक रहा है, चीन के साथ मिलकर कार्बन प्रदूषण में कमी लाए।

सीओपी28 के पहले के हफ्तों और महीनों में अमरीका और चीन पर यह दबाव रहेगा कि वे सारी दुनिया के फायदे के लिए अपने तेवरों और मतभेदों में कमी लाएं। आखिरकार ये दोनों दुनिया की दो महाशक्तियां हैं और पृथ्वी पहली ही इतनी गर्म हो चुकी है कि उसमें इन देशों की बीच गर्मागर्मी को सहने की ताकत नहीं है।



# समाजसेवियों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। दून के रानीपुर पोखरी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ब्रह्मदत्त की 122 वी जयंती पर सिटी बैंक्विट हॉल में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण समिति की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

दिवंगत सेनानी की सुपुत्री सुधा जुयाल ने बताया कि खाराखेत में नमक आंदोलन में शामिल होने पर इन्हें 1930 में गिरफ्तार कर हरदोई जेल की कालकोठरी में भेजा गया तथा यातनाएं दी गई। समारोह में वक्ताओं ने कहा आजादी के योद्धाओं ने जिस प्रकार बिना धार्मिक जातिगत भेदभाव के अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जंग लड़कर देशप्रेम, एकजुटता, सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया उसी भावना को सुदृढ़ बनाने की आज देश को सबसे ज्यादा जरूरत है और इसमें सेनानी परिवारों की मुख्य भूमिका है तथा इन्हें अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाना ही शहीदों को वास्तविक श्रद्धांजलि होगी।

सम्मानित किए जाने वालों में डॉ मुनीराम सकलानी, संदीप शास्त्री, शक्ति प्रसाद डिमरी, सुशील त्यागी, मुकेश नारायण शर्मा, रवि भाटिया, बबीता अस्वाल, कुसुम धस्माना, संजय अमन, जगदीश डडोना, आशा नौटियाल, हरेंद्र सिंह रावत,साधना तिवारी,उषा कोठारी,मधुगोयल,आदि शामिल थे।

# लूटी गयी चेन सहित लुटेरा गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। चेन स्नैचिंग मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मात्र कुछ घंटो के भीतर ही चेन लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से लूटी गयी चेन भी बरामद की गयी है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज आवास विकास रुड़की निवासी दिनेश कुमार द्वारा कोतवाली गंगनहर में तहरीर देकर बताया गया था कि उनकी पत्नी जो करीब 7 बजे रामनगर से घर वापस लौट रही थी। इस दौरान पीछे से आए अज्ञात युवक ने उनकी पत्नी को धक्का देकर गले से सोने की चेन लूट ली गयी और वह फरार हो गया। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर लुटेरे की तलाश शुरू कर दी गयी। लुटेरे की तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयासों के बाद एक सूचना के तहत एक व्यक्ति को पालीटेक्निक हास्टल ग्रांउड तिराहे से लूटी गयी चेन सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अमन उर्फ रमन पुत्र हरिओम हाल निवासी हनुमान मन्दिर के पास अम्बर तालाब कोतवाली गंगनहर बताया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# कार्यशाला में रेडी पटरी के लघु व्यापारियों के प्रतिनिधि को सम्मलित न करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। नगर निगम सभागार में नगर निगम प्रशासन द्वारा आयोजित की गई प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत कार्यशाला में रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के प्रतिनिधि सम्मलित ना किए जाने से आक्रोशित लघु व्यापार



एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने सिटी मेंशन मैनेजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए हरिद्वार नगर निगम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत जिन स्ट्रीट वेंडर्स को लोन प्रक्रिया से जोड़ा गया।

पूरे प्रखंड की जांच की मांग को लेकर उत्तराखंड शासन में अपर सचिव से दूरभाष पर वार्ता कर बताया गया स्थानीय अधिकारी सिटी मेंशन मैनेजर अंकित रमोला द्वारा कुछ चुनिंदा एनजीओ को बुलाकर कार्यशाला की जा रही है जबकि भारत सरकार राज्य सरकार द्वारा रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को प्रोत्साहित किए जाने को लेकर सरकारी गंभीर हैं ऐसी स्थिति में रेड़ी पटरी वालों की उपेक्षा किया जाना न्याय पूर्ण नहीं है इसीलिए आने वाले दिनों में लिखित रूप से स्थानीय अधिकारी के खिलाफ मुख्यमंत्री के यहां शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

# पहाड़ से मैदान तक तबाही ही तबाही

## ❑मरते लोग, दरकते पहाड़, रास्ते बंद, डूबती बस्तियां





विशेष संवाददाता

देहरादून। राज्य में मानसूनी आपदा ने कहर ढहाया हुआ है। पूरे राज्य में ताबड़तोड़ बारिश का दौर जारी है जिसके कारण पहाड़ से मैदान तक तबाही का मंजर है। बीते कल 6 लोगों की मौत के बाद अभी मौतों का सिलसिला जारी है और लोग मर रहे हैं, पहाड़ दरक रहे है, रास्ते बंद हो रहे हैं, नदी-नाले उफान पर हैं, ऋषिकेश में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। सड़कों पर सैलाब है घरों और दुकानों में पानी घुस गया है दीवार गिरने व मलबे में दो साधु दब गए जिनमें से एक की मौत हो गई। हरिद्वार में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया है जिससे खादर क्षेत्र पर डूबने का खतरा बढ़ गया है।

बीती रात से ऋषिकेश में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है।

### ❑ऋषिकेश में बाढ़ जैसे हालात, साधु की मौत
### ❑गंगा खतरे के निशान पर, खादर डूबने के कगार पर

स्वर्गाश्रम के पास एक दीवार गिरने से दो साधु मलबे में दब गए जिनमें से एक की मौत हो गई। निचले क्षेत्रों में जलभराव के कारण सैकड़ों घरों और दुकानों में पानी घुस गया है और लोग पलायन कर रहे हैं। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें बचाव व राहत कार्यों में जुटी है। चंद्रभागा नदी उफान पर है वही गंगा लोगों को डरा रही है। भारी बारिश के कारण हरिपुर गंगा पौड़ी मार्ग बंद हो गया है। ऋषिकेश टिहरी श्रीनगर मार्ग भी भूस्खलन के कारण बंद हो गया है हरिद्वार में गंगा का जलस्तर 294 मीटर खतरे के निशान को छू रहा है। भद्रकाली से 3 किलोमीटर पहले ऋषिकेश चंबा मार्ग भी भूस्खलन के कारण बंद हो गया है। पहाड़ पर भारी बारिश के कारण कई पुल व सड़कें टूटने तथा भूस्खलन से मार्ग बंद होने के कारण लोग परेशान हैं वहीं मैदानी क्षेत्रों में खासकर खादर क्षेत्र में फिर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है जिसके मद्देनजर बाढ़ चौकियों व एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ को अलर्ट रहने को कहा गया है। उधर नैनीताल, हल्द्वानी और काशीपुर के अलावा कोटद्वार में भारी बारिश ने तबाही मचा रखी है।

राज्य में 16 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट जारी होने के बाद स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है।

# नदी में पिकनिक मना रहे 3 लोग पानी में फंसे, पुलिस ने बचाया

संवाददाता

देहरादून। नदी में पिकनिक मना रहे तीन लोग नदी में पानी आने से फंस गये। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद तीनों को रेस्क्यू कर बचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत वर्तमान में पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह कुंवर द्वारा मौसम विभाग द्वारा अत्यधिक वर्षा होने के किये गये अत्यधिक बारिश के होने के अलर्ट को दृष्टिगत सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आपदा की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त आदेश के दिशा निर्देशन पर रायपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। गत दिवस रात्रि में थाना रायपुर को आपदा कंट्रोल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना रायपुर क्षेत्र अंतर्गत मालदेवता क्षेत्र में अत्यधिक बारिश होने की संभावना है। जिस पर थानाध्यक्ष रायपुर अपने साथ वरिष्ठ उप निरीक्षक रायपुर, चौकी प्रभारी मयूर विहार व पुलिस कर्मचारियों को साथ लेकर मालदेवता, सोडा सरोली क्षेत्र में मोबाइल गश्त में थे। गश्त करते हुए जैसे ही सोडा सरोली पुल पर पहुंचे तो वहां पर तीन-चार व्यक्ति पुल पर खड़े मिले, जिनसे पूछने पर जानकारी मिली की सॉन्ग नदी में कुछ लोग नदी के बीचो-बीच फंसे हुए हैं, जो मोबाइल की रोशनी से इशारा कर रहे हैं। सोडा सरोली पुल से काफी दूरी पर कुछ लोग नदी के बीचो-बीच मोबाइल की रोशनी करते दिखाई दिए। जिस पर थानाध्यक्ष रायपुर पुलिस बल को साथ लेकर उक्त स्थान के पास जाने वाले रास्ते पर एक किमी थाना मोबाइल से तथा लगभग पहाड़ी



व उबड़ खाबड़ वाले रास्ते से होते हुए लगभग 1.5 किमी पैदल चलकर सॉन्ग नदी के किनारे पहुंचे, जहाँ पहुचकर देखा कि नदी के बीचो बीच तीन व्यक्ति फंसे हुए हैं तथा नदी का बहाव लगातार बाढ़ रहा है।

पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आपदा सामग्री की सहायता से नदी में फंसे तीनों व्यक्तियों को सकुशल रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। तीनों व्यक्तियों से पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि वह शाम के समय पिकनिक बनाने नदी किनारे आए थे। अचानक नदी के दूसरी तरफ वर्षा के कारण पानी आ गया। जिसमें वह नदी के बीचों बीच फस गए और रात्रि का समय होने के कारण उन्हें रास्ता नहीं मिल पा रहा था।

उक्त स्थान पर मोबाइल के सिग्नल न आने कारण वह किसी को फोन भी नहीं कर पा रहे थे। तीनों व्यक्तियों द्वारा पुलिस कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद किया गया। पिछले वर्ष नदी में अत्यधिक वर्षा के कारण आए बहाव के कारण सॉन्ग नदी पर बने पुल का एक छोर बह गया था। तीनों व्यक्तियों ने अपना नाम मनोज कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी पौड़ी गढ़वाल हाल देहरादून, आयुष बेडवाल पुत्र नेत्रसिंह बेडवाल निवासी नकरौंदा, राजन रावत पुत्र धनवीर सिंह रावत निवासी घनसाली टेहरी गढ़वाल बताया।

# आईडीपीएल चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

संवाददाता

देहरादून। एसएसपी ने आईडीपीएल चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर ज्योति प्रसाद उनियाल को आईडीपीएल चौकी प्रभारी बनाया।

आज यहां डीआईजी/एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर ने आईडीपीएल चौकी प्रभारी कविन्द्र राणा को लाइन हाजिर कर रायवाला थाने में तैनात ज्योति प्रसाद उनियाल को आईडीपीएल चौकी का प्रभारी बनाया गया।

## एक नजर

# हॉलिडे होम में आग लगने से 11 दिव्यांगजनों की मौत

पेरिस। फ्रांस में एक हॉलिडे होम में लगी आग में 11 लोगों की मौत हो गई है। यह सभी लोग लर्निंग डिसेबिलिटी से पीड़ित थे। आग की सूचना मिलते ही करीब 80 दमकल कर्मियों को हॉलीडे होम भेजा गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। फ्रांस में दिव्यांगजनों के एक विश्राम गृह में बुधवार को आग लग गई। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। बचाव अभियान के प्रमुख ने यह जानकारी दी। फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने ट्वीट संदेश में कहा कि वह घटनास्थल के लिए गई हैं। हौट-राइन क्षेत्र के स्थानीय प्रशासन ने कहा कि विंटजेनहेम शहर में दिव्यांगजनों के विश्राम गृह में करीब साढ़े छह बजे आग लग गई, जिसके बाद 17 लोगों को वहां से निकाला गया। इनमें गंभीर रूप से घायल एक शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया। फ्रांस के अग्निशमन विभाग ने दमकल की चार गाड़ियों के साथ 76 कर्मियों को मौके पर तैनात किया गया, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घटना पर एक ट्वीट में कहा, 'इस हादसे के मद्देनजर मेरी संवेदनाएं मृतकों, घायलों और उनके परिवारों के साथ हैंइससे पहले उत्तरी अल्जीरिया के जंगलों और पर्वतीय इलाकों में लगी आग भी भीषण रही है। इस आग ने आसपास स्थित गांवों और शहरों में को भी चपेट में ले लिया। इस आग में तक कम से कम 34 लोगों की मौत हो गयी, जिनमें से 23 की मौत तटीय बेजाइया क्षेत्र में हुई।



# समुदाय विशेष पर टिप्पणी करने पर अज्ञात दल के खिलाफ केस दर्ज

संवाददाता

देहरादून। समुदाय विशेष पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर पुलिस ने अज्ञात दल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार धारा चौकी प्रभारी आशीष सिंह रावत ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि एक समुदाय विशेष द्वारा सोशल मीडिया पर एक वायरल हो रहे वीडियो के सम्बध में इन लोगों में असन्तोष व्याप्त है। अभी कुछ दिन पूर्व लैन्सडाउन चौक पर एक विशेष दल के लोगों द्वारा एक विशेष समुदाय के लोगों के विरूद्ध अमर्यादित व अभद्र भाषा के नारे लगाये जा रहे जो कुछ दिन पूर्व मेवात हरियाणा क्षेत्र में दो समुदाय के बीच तनाव के विरोध में है। उक्त अज्ञात लोगों के द्वारा लैन्सडाउन चौक पर किये गये नारे-बाजी एक समुदाय विशेष के लोग आहत है। जिस सम्बध में दो अगस्त को लैन्सडाउन चौक पर प्रदर्शन के सम्बध मे एक दल को लोगों द्वारा एक समुदाय के लोगो के खिलाफ अमर्यादित भाषण व अपराध के लिये उकसाने के लिए नारेबाजी की गयी थी यह दण्डनीय अपराध है। जिनके खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी।




# इक्वाडोरः राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो की सिर में गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। इक्वाडोर के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की क्विटो में एक रैली में हत्या कर दी गई। देश की नेशनल असेंबली के सदस्य एर्नांडो विलाविसेंशियो पर बुधवार को उत्तरी शहर क्विटो में एक कार्यक्रम के बाद हमला किया गया। उनकी अभियान टीम के एक सदस्य ने स्थानीय मीडिया को बताया कि विलाविसेंशियो एक कार में बैठने वाले थे, तभी एक व्यक्ति आगे बढ़ा और उनके सिर में गोली मार दी. हमले के दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है। इक्वाडोर में 20 अगस्त को राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है.वर्तमान राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो ने सोशल मीडिया पर मौत की पुष्टि की. लास्सो ने कहा कि वह हत्या से "क्रोधित और स्तब्ध" थे और उन्होंने प्रतिज्ञा की कि "यह अपराध बख्शा नहीं जाएगा। विलाविसेंशियो इक्वाडोर में भ्रष्टाचार और दंडमुक्ति के मुखर आलोचक थे. उन्होंने हाल ही में राष्ट्रपति गुइलेर्मो लासो की सरकार पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया था। इक्वाडोर में ड्रग कार्टेल की बढ़ती उपस्थिति के कारण हाल ही में हिंसक अपराध में वृद्धि, राष्ट्रपति अभियान में एक केंद्रीय मुद्दा रहा है. पिछले सप्ताह, विलाविसेंशियो ने कहा था कि उन्हें और उनकी टीम को मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े एक गिरोह के नेता ने धमकी दी थी। उनकी हत्या जुलाई में मंटा शहर के मेयर अगस्टिन इंट्रिआगो और फरवरी में प्यूर्टो लोपेज शहर में मेयर पद के उम्मीदवार उमर मेनेंडेज की हत्या के बाद हुई है।



# भक्तों की रक्षा के लिए समय-समय पर प्रभु का प्राकट्य होता हैः ममगाईं

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। आज हरिद्वार वाई पास रोड बदरीविशाल होम स्टे में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण के चतुर्थ दिवस पर ज्योतिष्पीठ व्यास आचार्य शिव प्रसाद ममगांई जी ने कहा, भक्तों की रक्षा के लिए समय-समय पर प्रभु का प्राकट्य होता है तब जब शुद्धान्तकरण हो तो दु:ख रूपी बन्धन से मुक्त करने आते हैं। भगवान यह कथा विना जोशी डाक्टर कुशाग्र सृष्टी प्रवीन ममगांई कामाक्षी के द्वारा आयोजित जिसमें व्यास जी कुछ जीवन में अनुकूलता के लिए यह बातें कही जिसके पालन से लाभ होता है।



आचार्य ममगांई बोले, भोगों की कामना द्वारा जिनके ज्ञान हरा जा चुका है, वे लोग अपने स्वभाव से प्रेरित होकर उस-उस नियम को धारण करके अन्य देवताओं को भजते हैं अर्थात् पूजते हैं। मनुष्य की अलग-अलग कामनाओं को पूरा करने के लिए हिंदू शास्त्रों में अलग-अलग देवी-देवताओं का उल्लेख किया गया है। श्रीमद्भागवत महापुराण के द्वितीय स्कन्ध के तृतीय अध्याय में मनुष्य की विभिन्न कामनाओं के अनुसार विभिन्न देवी-देवताओं की उपासना का निरूपण हुआ है।

श्री शुकदेव जी कहते हैं - जिसे लक्ष्मी चाहिए वह माया देवी की, जिसे तेज चाहिए वह अग्नि की, जिसे धन चाहिए वह वसुओं की और जिस प्रभावशाली पुरुष को वीरता की चाह हो उसे रूद्रों की उपासना करनी चाहिए। सौन्दर्य की चाह से गंधर्वों की, पत्नी की प्राप्ति के लिए उर्वशी अप्सरा की और सबका स्वामी बनने के लिए ब्रह्मा की आराधना करनी चाहिए। जिसे यश की इच्छा हो, वह यज्ञ पुरुष की, जिसे खजाने की लालसा हो, वह वरुण की, जिसे विद्या प्राप्त करने की आकांक्षा हो भगवान शंकर की और पति-पत्नी में परस्पर प्रेम बनाए रखने के लिए पार्वती जी की उपासना करनी चाहिए। उन्होंने कहा धर्म-उपार्जन के लिए विष्णु भगवान की, वंश-परंपरा की रक्षा के लिए पितरों की और बलवान होने के लिए मरुद्गणों की आराधना करनी चाहिए।

आज आयोजनकर्ताओं के द्वारा भगवान कृष्णा जन्म की दिव्य झांकी निकाली गयी जिसमे नन्द के आनंद भयो आदि भजनो पर झूमते हुए लोग ओर माखन ओर मिश्री के प्रसाद से ओतप्रोत वातावरण गोकुल जैसा प्रतीत हुआ।

इस अवसर पर श्रीमती बीना जोशी डॉ कुशाग्र सृष्टि शर्मा अश्विनी मुंडेपी प्रवीण मामगाई नीलम पांडे कामाक्षी मामगाई वीरेंद्र मियां अंकित ममगांई अश्वनी मुण्डेपी सरोजनी सेमवाल भक्तगण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# दीवार गिरने से मलबे में दबे दो साधु, एक की मौत दूसरा घायल



हमारे संवाददाता

देहरादून। देर रात से हो रही लगातार बारिश के चलते एक दीवार गिर जाने से दो साधु मलबे में दब गये। जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गयी तो वहीं दूसरे घायल साधु को अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसा ऋषिकेश लक्ष्मण झूला क्षेत्रांर्तगत चौरासी कुटिया के समीप हुआ है। बताया जा रहा है कि यहां आज सुबह अचानक एक दीवार गिर गयी। जिसके मलबे में दो साधु दब गए। आनन-फानन पुलिस व एसडीआरएफ के लोगों ने एक साधु को निकाल लिया, जबकि दूसरी की तलाश की जा रही थी। कुछ देर बाद एसडीआरएफ ने दूसरे साधु का शव भी बरामद कर लिया है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार की मौत

देहरादून (सं)। अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरनाल पानी त्यूणी निवासी अमित अपनी मोटरसाईकिल से बाजार से घर की तरफ जा रहा था जब वह घर के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के भाई मनोज की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# घर में बारिश का पानी घुसने से बालिका की मौत

हमारे संवाददाता

देहरादून। देर रात से हो रही बारिश के चलते एक घर में पानी घुसने से एक बालिका की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे का कारण नेशनल हाईवे अथारिटी द्वारा पानी की निकासी के लिए कोई प्रबन्ध न किया जाना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार वाला यह हादसा डोईवाला क्षेत्रांर्तगत माजरी में हुआ है। यहां अजय कोहली का मकान देहरादून हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर माजरी में मुख्य सड़क से लगभग 20 मीटर हटकर सड़क की ऊंचाई से लगभग 14 फीट गहराई में बना हुआ है। बताया जा रहा है कि यहां मकान से लगता हुआ एक खाली स्थान है जहां बीती रात से हो रही लगातार बारिश से जलभराव होता रहा और रात्रि करीब 10 बजे अजय कोहली के मकान की दीवार को तोड़कर यह पानी का रेला सीधा उनके पूरे घर में घुस गया। अजय कोहली पुत्र उमानंद कोहली ने बताया कि बीती रात लगभग 10 बजे वह अपने कमरे में कपड़े प्रेस कर रहे थे। उनके साथ वाले कमरे में उनकी माता जी टीवी देख रही थी। जबकि उसके अगले वाले कमरे में उनकी



दोनों बेटी 8 वर्षीय दृष्टि और 12 वर्षीय आकांक्षा अपने बिस्तर पर सो रही थी। बताया कि अचानक पानी का तेज बहाव उनके मकान में घुस गया और लगभग पूरे घर में 7 फीट की ऊंचाई तक पानी भर गया। ऐसे में उनको समझने का मौका भी नहीं मिला कि यह क्या हो गया और हड़बड़ाहट में उन्होने किसी तरह अपनी मां व छोटी बेटी दृष्टि को पानी से बाहर निकाला। लेकिन सामान के बीच में पता नहीं चल पाया कि उनकी बड़ी बेटी 12 वर्षीय आकांक्षा दरअसल कहां है। जब उन्होने उसे ढूंढा तो वह उन्हे बेसुध अवस्था में मिली थी जिसकी मौत हो चुकी थी। वहीं क्षेत्रवासियों की मांग है कि इस मामले में प्रशासन नेशनल हाईवे अथारिटी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराये।

# नाबालिग को भगाने व दुष्कर्म करने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग को भगाने व उसके साथ दुष्कर्म करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपनगर निवासी व्यक्ति ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि नूरपुर देहात बिजनौर निवासी शिवम उसकी नाबालिग बहन को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसकी बहने ने घर आकर सारी घटना मां को बतायी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*